JPMIA बनेगा पश्चिमी राजस्थान का प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब,

30 भूखण्डों के लिए 31 अक्टूबर तक होंगे आवेदन

जयपुर,वेब वार्ता । राजस्थान में औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने और पश्चिमी राजस्थान में आधुनिक औद्योगिक आधारभूत ढांचा विकसित करने की दिशा में जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल एरिया (JPMIA) में भूखण्ड आवंटन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। निवेशकों हेतु प्रथम चरण में 30 भूखण्ड प्रत्यक्ष आवंटन हेतु उपलब्ध कराए गए हैं जिनमें 28 औद्योगिक भूखण्ड तथा 2 मोटल/रेस्टोरेंट भूखण्ड शामिल हैं। औद्योगिक भूखण्डों में 23 भूखण्ड टेक्सटाइल जोन तथा शेष 5 भूखण्ड जनरल जोन के लिये उपलब्ध हैं। राजस्थान इंडस्ट्रियल कॉरिडोर्स डवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RIDCO) द्वारा इन भूखण्डों के आवंटन हेतु ईएमडी जमा करने की प्रक्रिया दिनांक 28 सितंबर 2026 से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक निवेशक 31 अक्टूबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। आवंटन के समय कुल राशि की 25 प्रतिशत राशि जमा करनी होगी। शेष 75 प्रतिशत राशि के भुगतान के लिए 11 त्रैमासिक किस्तों का विकल्प उपलब्ध है। भूखण्डों, पंजीकरण तथा आवंटन से संबंधित विस्तृत जानकारी रिको की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उल्लेखनीय है कि जेपीएमआई को डीएमआईसी राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर कार्यक्रम के तहत विकसित किया जा रहा है। परियोजना का प्रथम चरण लगभग 1578 एकड़ में विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र जोधपुर और पाली के बीच स्थित है। परियोजना मारवाड़ जंक्शन स्थित डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से लगभग 60 किलोमीटर, जोधपुर रेल्वे स्टेशन और जोधपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से करीब 30 किलोमीटर की दूरी पर है। जेपीएमआई में लगभग 10,000 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है तथा इससे करीब 2 लाख रोजगार के अवसर सृजित होने की उम्मीद है। परियोजना में टेक्सटाइल एवं अपैरल, एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, इंजीनियरिंग गुड्स, ऑटोमोबाइल, हैंडीक्राफ्ट तथा बिल्डिंग मैटेरियल जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा देने की योजना है। जेपीएमआईए के विकास से जोधपुर-पाली क्षेत्र के साथ-साथ पश्चिमी राजस्थान के अन्य जिलों में भी औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर तथा प्रमुख सड़क मार्ग, रेल और हवाई संपर्क से जुड़ाव के कारण यह क्षेत्र विनिर्माण इकाइयों, सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार कर सकता है। परियोजना के विकसित होने से क्षेत्र में निवेश, औद्योगिक गतिविधियों एवं रोजगार के नए अवसरों को बढ़ावा मिलेगा।

एक अक्टूबर को सपनों की उड़ान

सशक्त युवा संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री करेंगे युवाओं से संवाद, दिलाएंगे नशामुक्ति शपथ

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कलक्टर ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक

जयपुर,वेब वार्ता । राज्य में चल रहे सेवा संकल्प अभियान –जन सेवा हो प्रभु सेवा के अंतर्गत सपनों की उड़ान - सशक्त युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन 1 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे भवानी निकेतन महाविद्यालय परिसर में होगा। इस संबंध में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित हितधारकों के साथ बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में प्रस्तावित उक्त कार्यक्रम में करीब दस हजार युवाओं की सशक्त भागीदारी होगी। इस दौरान कार्यक्रम में लघु फिल्म 'नई किरण' का प्रदर्शन, नशा मुक्त पर नुक्कड़ नाटक, माय भारत पोर्टल पर नशा मुक्ति क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ, प्रतिभा/खेल मित्र एवं खेलो राजस्थान गेम्स पोर्टल का शुभारंभ, एशियाई खेल विजेताओं का सम्मान, मुख्यमंत्री का 'युवा संवाद', नशा मुक्ति शपथ, उद्बोधन तथा राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम में सेवा के रंग नशा मुक्त युवा थीम पर आधारित मांडना रंगोली का निर्माण भी किया जाएगा। शिक्षा विभाग के सहयोग से सेवा के रंग-नशा मुक्त युवा थीम आधारित मानव श्रृंखला का आयोजन होगा। जिला कलक्टर ने इस दौरान स्वच्छ पेयजल, चिकित्सा (मय एम्बूलेंस व चिकित्सकीय दल), सुरक्षा, स्वच्छता, दमकल, चल शौचालयों, निर्बाध विद्युत आपूर्ति आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान जिला कलक्टर ने विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, नशामुक्ति के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं आदि के प्रतिनिधियों को कार्यक्रम में युवाओं की सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कहा है। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस मृणाल कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर दक्षिण युगांतर शर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर शहर उत्तर राजेंद्र सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर तृतीय देवयानी, जिला रसद अधिकारी प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

'बहुत खुश थी, आपके एक शक ने सब कुछ बर्बाद कर दिया', भरतपुर में शादी के 10 महीने बाद महिला की मौत

भरतपुर,वेब वार्ता । शहर के मथुरा गेट थाना इलाके में एक निजी स्कूल के पीछे लक्ष्मी नगर में शादी के करीब 10 महीने बाद एक विवाहिता की मौत हो गई। पति से विवाद के बाद विवाहिता की मौत होने की बात सामने आई है। वहीं, पीहर पक्ष ने विवाहिता की हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतका की ओर से एक नोट भी मिला है, जिसकी सत्यता की पुलिस जांच करा रही है। पुलिस के अनुसार गोविंद नगर, मडरपुर रोड, भरतपुर निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र फूल सिंह यादव ने परिवाद में बताया कि करीब 10 महीने पहले उनकी दो बेटियों की शादी संत कृपाल स्कूल के पीछे लक्ष्मी नगर में हुई थी। 29 सितंबर की रात करीब 11:53 बजे उनकी छोटी बेटी ने फोन कर बताया कि उनकी बहन सुकीर्ति पत्नी प्रशांत यादव के साथ घटना हो गई है।

15 जोड़ी ट्रेनों में आज से बढ़ेंगे 38 एक्स्ट्रा कोच

डेढ़ महीने के त्योहारी सीजन में जोधपुर से 7 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के होंगे 76 ट्रिप

जोधपुर, 30 सितम्बर (का.सं.)। जोधपुर मंडल से जुड़ी 15 जोड़ी ट्रेनों में रेलवे की ओर से 38 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इनमें स्लीपर, थर्ड एसी, साधारण श्रेणी, फर्स्ट-कम-सेकेंड एसी और थर्ड एसी इकोनॉमी श्रेणी के कोच शामिल हैं। इनका संचालन 1 से 31 अक्टूबर की अवधि तक अस्थाई रूप से किया जाएगा।अक्टूबर में त्योहार पर ट्रेनों में बढ़ने वाले यात्री भार को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के अनुसार- यात्री मांग को देखते हुए ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इससे यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ और सीटें उपलब्ध होंगी। वहीं वेटिंग का दबाव कम करने में मदद मिलेगी। इन अस्थायी डिब्बों की वृद्धि 1 से 31 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगी।

ट्रेन 22977-22978 जयपुर-जोधपुर-जयपुर सुपरफास्ट में दो एसी, 14801/14802 जोधपुर-इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस और 12465-12466 इंदौर-भगत की कोठी-इंदौर रणथंभौर सुपरफास्ट में 5-5 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे। इसमें दो-दो स्लीपर और तीन-तीन जनरल डिब्बे शामिल हैं।

ट्रेन संख्या 14854/14853, 14864/14863 और 14866/14865 जोधपुर-वाराणसी सिटी-जोधपुर मरुधर एक्सप्रेस में एक-एक थर्ड एसी कोच बढ़ाया जाएगा।

ट्रेन संख्या 14807-14808 जोधपुर-दादर-जोधपुर, ट्रेन संख्या 20483/20484 भगत की कोठी-दादर-भगत की कोठी और ट्रेन संख्या 04827/04828 भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी में में 3-3 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

ट्रेन संख्या 20485/20486 जैसलमेर-साबरमती-जैसलमेर और ट्रेन संख्या 20492/20491 साबरमती-जैसलमेर-साबरमती में 3-3 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

ट्रेन संख्या 22497/22498 श्रीगंगानगर-तिरूच्चिराप्पल्लि-श्रीगंगानगर में एक थर्ड एसी और ट्रेन संख्या 20481/20482 भगत की कोठी-तिरूच्चिराप्पल्लि-भगत की कोठी में एक स्लीपर कोच बढ़ाया जाएगा।

ट्रेन संख्या 22464/22463 बीकानेर-दिल्ली सराय-बीकानेर और ट्रेन संख्या 12463/12464 दिल्ली सराय रोहिल्ला-जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिला राजस्थान संपर्क क्रांति सुपरफास्ट में 3-3 अतिरिक्त कोच लगाए जाएंगे।

स्वच्छता ही सेवा 2026 के तहत सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर में सभापति रितु जैन की अध्यक्षता में किया आयोजित

सिरोही, 30 सितम्बर (का.सं.)। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगर परिषद सिरोही द्वारा बुधवार को सफाईमित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर का आयोजन किया गया।यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित किया जा रहा है।

आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाई मित्रों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान को प्राथमिकता देते हुए उन्हें आवश्यक सुविधाएं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाना है।

शिविर के दौरान सफाईमित्रों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया की गई। सभापति रितु जैन ने सफाई मित्रों को माला पहनाकर उनका स्वागत किया और सफाईमित्रों के कार्य एवं उनके योगदान को सम्मान देते हुए उनका सम्मान भी किया गया।

सभापति ने बताया कि सफाईमित्र शहर को स्वच्छ एवं स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखना सामूहिक जिम्मेदारी हैं इस दौरान सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई। आयुक्त जोधाराम बिश्नोई ने बताया कि नगर परिषद सिरोही द्वारा स्वच्छता कर्मियों के हित में स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा है।

रायपुर में इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा सीजीपीएससी भर्ती घोटाले का आरोपित खाता दिखा लड्डू

जेल प्रहरी बर्खास्त

रायपुर,वेब वार्ता । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) भर्ती घोटाले में जेल में बंद आयोग के पूर्व अध्यक्ष टामन सिंह सोनवानी को आंबेडकर अस्पताल में वीआईपी सुविधा दिए जाने का मामला सामने आया है। अस्पताल के कार्डियोलाजी विभाग का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। इसमें सोनवानी अपनी पत्नी और बेटे के साथ बैठे बातचीत करते और लड्डू खाते दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद जेल अधीक्षक ने एक जेल प्रहरी को सेवा से बर्खास्त कर दिया है, जबकि दो की बर्खास्तगी के लिए संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखा है। सोनवानी को बीते माह पेसमेकर लगाया गया था। इसके फालोअप के लिए आरोपित को अस्पताल लाया गया था। आरोप है कि उनके अस्पताल पहुंचने की जानकारी पहले ही स्वजन को दे दी गई थी।

उन्हें ओपीडी गेट से प्रवेश कराने के बाद कार्डियोलाजी विभाग के बरामदे में बैठाया गया। करीब 10 मिनट बाद उनकी पत्नी और बेटा वहां पहुंचे। दोनों ने करीब 15 मिनट तक सोनवानी से बातचीत की। इसी दौरान एक रेजीडेंट डॉक्टर ने बाहर आकर उनकी फाइल देखी। अस्पताल में सोनवानी के कहने पर आरक्षक ने हथकड़ी खोल दी। पत्नी ने लड्डू निकाले और तीनों ने साथ बैठकर लड्डू खाए।

रामनिवास बाग में विकसित होगी 15 फ़ूड ट्रक वाली अनूठी चौपाटी

राजस्थान में अपनी तरह की पहली ,जयपुरवासियों एवं पर्यटकों के लिए बनेगा आकर्षण का नया केंद्र

जयपुर,वेब वार्ता । मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जयपुर को आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं नागरिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री श्री झाबर सिंह खर्रा के निर्देशन में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा रामनिवास बाग में एक नवीन एवं आकर्षक चौपाटी विकसित की जा रही है। यहां जयपुरवासियों के लिए मनोरंजन, खान-पान, अवकाश एवं पारिवारिक गतिविधियों का एक नया केंद्र उपलब्ध होगा। जयपुर विकास आयुक्त श्री सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि रामनिवास बाग में प्रस्तावित चौपाटी को आज की युवा पीढ़ी की आवश्यकताओं एवं पसंद को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। परियोजना की अनुमानित लागत 637.50 लाख रुपये है। चौपाटी में दोनों ओर कुल 15 फूड ट्रक की व्यवस्था प्रस्तावित है, जिससे नागरिकों को विभिन्न प्रकार के खान-पान की सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने बताया कि चौपाटी परिसर के चारों ओर पैदल भ्रमण के लिए ट्रैक विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही लैंडस्केपिंग, ओपन गार्डन, बच्चों के लिए प्ले एरिया तथा ओपन एम्फीथिएटर/थिएटर जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

परियोजना में एंट्री प्लाजा, सिटिंग एरिया, पाथवे, टॉयलेट एवं पेयजल सुविधाओं के साथ बाहरी सर्विस पाथवे का भी प्रावधान किया गया है। श्री महाजन ने बताया कि रामनिवास बाग की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पहचान को ध्यान में रखते हुए चौपाटी को इस प्रकार विकसित किया जा रहा है कि यहां आने वाले नागरिकों को हरित वातावरण के बीच परिवार एवं मित्रों के साथ समय बिताने, पैदल भ्रमण, बच्चों के मनोरंजन तथा खान-पान की सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध हो सके। उन्होंने बताया कि यह प्रोजेक्ट राजस्थान में अपनी तरह की एक नवीन अवधारणा पर विकसित होगा, जो जयपुर के नागरिकों एवं शहर में आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र बनेगा। परियोजना के अंतर्गत लगभग 1804 वर्गमीटर का पाथवे, 1200 वर्गमीटर का ओपन गार्डन, 600 वर्गमीटर का चिल्ड्रन प्ले एरिया तथा 200 वर्गमीटर का ओपन एम्फीथिएटर प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त लगभग 662 वर्गमीटर क्षेत्र में एंट्री प्लाजा एवं सिटिंग एरिया तथा लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्र में फूड ट्रक जोन का प्रावधान किया गया है। जेडीसी ने बताया कि परियोजना का उद्देश्य रामनिवास बाग क्षेत्र में नागरिकों के लिए एक सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराना है, जहां

बेबी फूड पैकेटों पर नहीं दिखेगी मां-बच्चे की फोटो महाराष्ट्र एफडीए कमिश्नर तुकाराम मुंडे का आदेश

खुश माँ, स्वस्थ बच्चा
पौष्टिक और स्वादिष्ट आहार

मुंबई,वेब वार्ता । महाराष्ट्र फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने पिछले कुछ महीनों में साफ-सफाई और खाने-पीने की चीजों में गड़बड़ी को लेकर सख्ती की है। अब महाराष्ट्र में कमिश्नर तुकाराम मुंडे की टीम ने बेबी फूड प्रोडक्ट बेचने वाले ब्रांड्स के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। तुकाराम मुंडे ने पैकेट पर मां और बच्चे की फोटो लगाने पर रोक लगा दी है। एफडीए ने यह दावा करने पर भी रोक लगा दी है कि मिल्क प्रोडक्ट मां के दूध जितना ही अच्छा है।

'मां का दूध ही सबसे अच्छा': एडमिनिस्ट्रेशन ने बेबी फूड ब्रांड्स पर सख्ती की है। एफडीए ने नियम कड़े कर दिए हैं और यह पक्का किया है कि इस बात का प्रचार हो कि बच्चों के लिए मां का दूध सबसे अच्छा होता है। एफडीए ने बेबी फूड बनाने वाली कंपनियों को आदेश दिया है कि वे अपने सभी पैकेट पर 'मां का दूध सबसे अच्छा है' का मैसेज लिखें। तुकाराम मुंडे के इस आदेश का मतलब फॉर्मूला मिल्क पर रोक लगाना नहीं है। फॉर्मूला प्रोडक्ट्स की इजाजत होगी, लेकिन बनाने वालों को गाइडलाइंस का पालन करना होगा।

पर्यटन सम्मेलन में 2047 तक विकसित भारत बनाने पर हुई चर्चा : अरविंद शर्मा

नइ,वेब वार्ता । नई दिल्ली में बुधवार को एसोचैम राष्ट्रीय पर्यटन सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा और इनमोबी की चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स और पब्लिक पॉलिसी ऑफिसर सुबी चतुर्वेदी शामिल हुईं। हरियाणा के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने मीडिया से बातचीत में कहा 'कॉन्क्लेव टूरिज्म से जुड़ा था। इस कॉन्क्लेव के मुख्य अतिथि के तौर पर आए केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को कैबिनेट बैठक के कारण जाना पड़ा। मेरा मानना ??है कि ऐसे कॉन्क्लेव से बहुत अच्छे नतीजे मिलेंगे। निर्मल मिंडा समेत अन्य सदस्यों ने कई विषयों पर चर्चा की। ग्रामीण पर्यटन, एनसीआर में संभावना, डिजिटल टूरिज्म पर चर्चा हुई। इसी तरह 'विकसित भारत' यानी 2047 तक विकसित भारत बनाने पर चर्चा हुई। अर्थव्यवस्था की वृद्धि में पर्यटन का बहुत योगदान रहता है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने बताया कि अर्थव्यवस्था में पर्यटन की 12 फीसदी हिस्सेदारी है।

अंतराष्ट्रीय स्तर पर भारत के पर्यटन को विशेष जगह मिल रही है।' हरियाणा में पर्यटन को लेकर मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा, '80 के दशक में हरियाणा पर्यटन में सबसे ऊपर था। अभी भी प्रदेश पर्यटन में आगे है। हम कोशिश कर रहे हैं कि हरियाणा में पर्यटन को बढ़ाया जाए।' नेशनल टूरिज्म कॉन्क्लेव पर इनमोबी की चीफ कॉर्पोरेट अफेयर्स और पब्लिक पॉलिसी ऑफिसर सुबी चतुर्वेदी ने कहा, ' इनमोबी भारत का पहला यूनिकॉर्न है। इसके पास 550 मिलियन डिवाइस हैं। टेक्नोलॉजी का योगदान सिर्फ लोगों को नई जगहों के बारे में बताने तक सीमित नहीं है। हिमालय में त्रासदी हुई और नेपाल में भी कई जानें गई। अब हमें यह देखना होगा कि हमारे पहाड़ हमसे क्या चाहते हैं। क्या सिर्फ वही चार जगहें हैं जहां हर कोई नए साल या दिवाली पर इकट्ठा होगा और दिल्ली में तीन घंटे तक ट्रैफिक जाम में फंसा रहेगा? इसके बाद, अगर आप प्रधानमंत्री का भाषण सुनें, तो अभी भारत में पर्यटन से 8 करोड़ (80 मिलियन) नौकरियां पैदा होती हैं। 2047 के लिए उनका विजन यह है कि क्या हम और 10 करोड़ नौकरियां जोड़ सकते हैं। पर्यटन और संस्कृति साथ-साथ चलते हैं।

होमगार्ड भर्ती में फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर एक्स्ट्रा मार्क्स हासिल किए

डॉक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन में हुआ खुलासा, दो अभ्यर्थियों के खिलाफ केस दर्ज

जोधपुर, 30 सितम्बर (का.सं.)। होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया में फर्जी प्रमाण पत्रों के जरिए अतिरिक्त अंक हासिल कर चयन पाने के बड़े खेल का पर्दाफाश हुआ है। गृह रक्षा विभाग द्वारा आयोजित दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के शैक्षणिक व तकनीकी दस्तावेजों के ऑनलाइन सत्यापन के दौरान दो अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदिग्ध पाए गए।

जांच में सामने आया कि अभ्यर्थियों ने आरएस-सीआईटी और आईटीआई के फर्जी सर्टिफिकेट लगाकर एक्स्ट्रा मार्क्स हासिल कर लिए थे और भर्ती सूची में जगह बना ली थी। विभाग के प्रशासनिक अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने दोनों मामलों में धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पहला मामला फलोदी के जैतसर निवासी अभ्यर्थियों से जुड़ा है, जिन्होंने दूसरे अभ्यर्थी के नाम पर जारी आरएस-सीआईटी प्रमाण पत्र पर फर्जी रोल नंबर और लर्नर कोड दर्ज कर रखे थे। वहीं दूसरा मामला बावड़ी निवासी अभ्यर्थी का है, जिसने किसी अन्य अभ्यर्थी के नाम का आईटीआई सर्टिफिकेट पेश कर अतिरिक्त अंक हासिल कर लिए थे। धांधली सामने आने के बाद रातानाडा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। मामले में खेमाराम पुत्र मोतीराम, निवासी जैतसर, फलोदी और रामपाल पुत्र लालूराम, निवासी सेवरी कलां, बावड़ी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

फर्जीवाड़े का खुलासा कैसे हुआ

गृह रक्षा प्रशिक्षण केंद्र जोधपुर की ओर से 20 से 24 मार्च 2026 तक शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन किया जा रहा था।

एसआईआर में कटे गोवा के परिवार के 6 लोगों के नाम

बॉम्बे हाईकोर्ट ने ईसी से पूछा- सॉफ्टवेयर में खराबी है तो वोटर क्यों भुगते

मुंबई,वेब वार्ता । गोवा के सांता क्रूज निर्वाचन क्षेत्र में स्क्रूटनी (विशेष पुनरीक्षण) के दौरान एक ही परिवार के छह सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए। इस पर बॉम्बे हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग से सवाल पूछे हैं। चुनाव आयोग ने इस मामले में सफाई देते हुए इसे सॉफ्टवेयर में आई कमी बताया। इस पर हाई कोर्ट ने साफ तौर पर कहा कि यह आपकी तरफ से गलती है। याचिकाकर्ता परेश सालगांवकर ने जस्टिस वाल्मीकि मेनेजेस और जस्टिस अमित जामसांडेकर की बेंच को बताया कि उन्होंने और उनके परिवार ने उसी निर्वाचन क्षेत्र में घर बदलने के बाद प्रक्रिया के दौरान फॉर्म 8 जमा किया था, लेकिन बाद में पता चला कि उनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी के ऑफिस से सवाल किया कि गोवा के एक ही परिवार के छह सदस्यों के नाम वोटर लिस्ट से क्यों हटा दिए गए, जबकि उन्होंने पता बदलने की जानकारी देने के लिए फॉर्म 8 जमा किया था।

फॉर्म 6 और फॉर्म 8 को लेकर विवाद: चुनाव आयोग ने हाई कोर्ट को बताया कि सिस्टम में गिनती वाले चरण (एन्यूमरेशन फेज) के दौरान फॉर्म 8 को प्रोसेस करने की सुविधा नहीं थी। आयोग ने कहा कि फॉर्म 8 प्रोसेस नहीं हो पाया, इसलिए बाद में परिवार से नए वोटर के तौर पर शामिल होने के लिए फॉर्म 6 भरने को कहा गया, लेकिन उन्होंने मना कर दिया।

फॉर्म 8 पर क्यों नहीं किया विचार: बेंच ने सवाल किया कि चुनाव आयोग ने स्क्रूटनी के दौरान जमा किए गए फॉर्म 8 आवेदनों पर विचार क्यों नहीं किया, जबकि वे तय समय के भीतर जमा किए गए थे। बेंच ने कहा, 'यह आपके सॉफ्टवेयर की समस्या है। क्या आप सोच सकते हैं कि क्या होगा, कितने वोटर इस तरह छूट जाएंगे? आप किसी से फॉर्म 6 भरने के लिए कैसे कह सकते हैं? फिर फॉर्म 8 क्यों है?' चुनाव आयोग ने जवाब दिया कि फॉर्म 8 सामान्य प्रक्रिया के तहत भरा जा सकता है, लेकिन गिनती की प्रक्रिया के दौरान नहीं। चुनाव आयोग के वकील ने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता और उनका परिवार लगभग आठ साल पहले घर बदल चुके थे और पता बदलने की जानकारी अधिकारियों को देना उनकी जिम्मेदारी थी। हालांकि, बेंच इस बात से सहमत नहीं हुई।

हाई कोर्ट ने कहा- चुनाव आयोग की गलती: बॉम्बे हाई कोर्ट चुनाव आयोग ने पूछा, 'यह फॉर्म 8 कब से है? इलेक्ट्रॉनिक युग से पहले की बात करें। आप इसे कैसे करते . अब, क्योंकि आपके पास सॉफ्टवेयर है, इसलिए यह समस्या पैदा हुई है। आप सॉफ्टवेयर को ओवरराइट नहीं कर सकते... यह आपकी तरफ से की गई गलती है।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-ए - ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना

ई-नीलामी-अचल संपत्ति/संपत्तियों की सार्वजनिक बिक्री सूचना ई-नीलामी-वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित

रजि. कार्यालयः- 9वीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001, फोनः-011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइटः-www.pnbhousing.com

शाखा का पता: चौधरी भवन, दूसरी मंजिल, शनिचर जी का थान के पास, चौपासनी रोड, जोधपुर, राजस्थान

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से कॉलम संख्या-ए में दर्शाए गए उधारकर्ता(ओं) एवं गारंटीकर्ता(ओं) को सूचित किया जाता है कि कॉलम संख्या-डी में वर्णित नीचे वर्णित अचल संपत्ति (संपत्तियां) जो सुरक्षित ऋणदाता को बंधक रखी गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक कब्जा **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**/सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा (जैसा कॉलम संख्या-सी में वर्णित है) ले लिया गया है, उसे नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार **''जहां है जैसा है, जो है जैसा है और जो भी है के आधार पर''** बेचा जाएगा। एतद्वारा, संबंधित उधारकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/कानूनी वारिसों, कानूनी प्रतिनिधियों (ज्ञात या अज्ञात), निष्पादकों, प्रशासकों, उत्तराधिकारियों, समनुदेशिती(ओं) को सूचित किया जाता है, जैसा भी मामला हो, जैसा कि प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के संशोधित नियम-8(6) और 9 के अंतर्गत कॉलम संख्या-ए में दर्शाया गया है। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट www.pnbhousing.com** पर दिए गए लिंक को देखें।

ऋण संख्या उधारकर्ता/सह- उधारकर्ता/गारंटर / कानूनी उत्तराधिकारी का नाम (ए)	मांग की राशि और तारीख (बी)	कब्ज़ा की प्रकृति (सी)	गिरवी रखी गई संपत्तियां का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (10% का आरपी) (एफ)	बोली जमा करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि मानसिक दर (एच)	निरीक्षण दिनांक और समय (आई)	नीलामी की तिथि एवं समय (जे)	एनोउन एनकम ब्रैंस कोर्ट केस, यदि कोई हो (के)
एनएचएल/जेडीएच/0919/744745, राजेंद्र कुमार लूंकर/श्रीमती इंद्र कंवर लूंकर/नरेंद्र कुमार लंकर/महादीप फैब्रिक्स/विजेता राजेंद्र कुमार, बी.ओ.: जोधपुर	रु. 9194561.12 और 13.12.24	भौतिक	79, गजानंद मार्ग, पाली-306401	रु. 9815000	रु. 981500	16.10.26	रु. 10,000	08-10-26, 10:00 एएम से 5:30 पीएम	17.10.26 02.00 पीएम से 03.00 पीएम	एसए/3691 2025, एनडीओएच

*18% प्रति वर्ष की दर से अतिरिक्त ब्याज के साथ जैसा लागू हो, भुगतान और/या उसकी वसूली की तारीख तक किए गए आकस्मिक खर्च, लागत, शुल्क आदि। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित संपत्तियों के संबंध में कॉलम संख्या-के में बताए गए को छोड़कर कोई अन्य बाधा/दावा नहीं है। सफल क्रेता/बोलीदाता द्वारा अपनी ओर से पूरा किया/भुगतान किया जाएगा। संभावित क्रेता/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे उल्लेखित बाधाओं की सत्यता का स्वतंत्र रूप से पता लगाएं। (1.) आज तक, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के अधिकृत अधिकारी को उपरोक्त अचल संपत्तियों/सुरक्षित संपत्तियों को बेचने, अलग करने और/या निपटाने से रोकने वाला कोई आदेश और/या अदालती निषेधाज्ञा नहीं है और स्थिति कॉलम संख्या-के में उल्लेखित है। (2.) संभावित क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पक्ष स्वतंत्र रूप से कॉलम संख्या-के में बताई गई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि में दलील का निरीक्षण कर सकते हैं। जिसमें पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजों का शीर्षक शामिल है, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है और निविदा/बोली आवेदन पत्र जमा करने या प्रस्ताव देने से पहले सभी मामलों में खुद को संतुष्ट करते हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रपत्र के साथ इस नीलामी के नियमों और शर्तों पर हस्ताक्षर करना होगा। (3.) कृपया ध्यान दें कि सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) के अनुसार, बोलीदाता/खरीदार कानूनी रूप से बिक्री मूल्य की राशि का 25% जमा करने के लिए बाध्य है, (इसमें शामिल है) बयाना राशि का) उसी दिन या अगले कार्य दिवस के बाद नहीं। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसार सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री मूल्य का 25% प्राप्त होने के बाद ही (बोली लगाने वालों) के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जा सकती है। शेष 75% बिक्री पुष्टिकरण पत्र की पावती की तारीख से 15 दिनों के भीतर क्रेता को बिक्री प्रतिफल राशि जमा करनी होगी और ऐसी जमा राशि में चूक होने पर, अधिकृत अधिकारी बिक्री का आंशिक भुगतान जब्त कर लेगा। बिक्री पुष्टिकरण पत्र में उल्लेखित 15 दिनों की अनिवार्य अवधि की समाप्ति की तारीख से 15 दिनों के भीतर प्रतिफल राशि और संपत्ति/सुरक्षित संपत्ति को सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार फिर से बेचा जाएगा। (4.) मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के संचालन में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगा, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003 में है। वेबसाइट - **www.bankeauctions.com** संपत्ति के निरीक्षण से संबंधित किसी भी सहायता या बोली दस्तावेज प्राप्त करने और किसी अन्य प्रश्न या पंजीकरण के लिए, आपको **श्री दुर्गा शेखावत एवं टोल फ्री नंबर -1800120 8800, ई-मेल: auction@pnbhousing.com के साथ समन्वय करना होगा, जो पीएनबीएचएफएल का अधिकृत व्यक्ति है या www.pnbhousing.com देखें।**

स्थानः- जोधपुर, दिनांकः- 30.09.2026

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

उत्तर पश्चिम रेलवे

256सिग/22/2026-27 दिनांक 28/09/26

ई निविदा सूचना

सं. एसएण्डटी–जेयू–22–2026–27

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू.उ.प.रे.,जोधपुर द्वारा निम्नलिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के 64 ब्लॉक सेक्शन में UFSBI के विभिन्न कंपोनेंट्स/पुर्जो की विश्वसनीयता में सुधार और उनके बनाए रखने की व्यवस्था/व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 3,31,76,064/–, **ई–निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** वरि.मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर, **बयाना राशि (Bid Security):** ₹ 663500/–, **ई–निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः** 23.10.2026 को 15.00 बजे तक। तथा ई–टेंडर ऑनलाईन आई आर ई पी एस 15.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सकेंः www.ireps.gov.in**

नोटः– यह एक ई–टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई–टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वेबसाईट पर टेण्डर डाले।

1402-PH/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

एल&टी फायनान्स लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय : एल&टी फायनान्स लिमिटेड, बृंदावन बिल्डिंग,
प्लॉट नं. 177, कलीना, सीएसटी रोड, मर्सिडीज शोरूम के पास,
सांताक्रुज (पूर्व), मुंबई 400098
सीआईएन नं. : L67120MH2008PLC181833
शाखा कार्यालय : जोधपुर

L&T Finance

सार्वजनिक सूचना

सामान्य रूप से जनसाधारण एवं विशेष रूप से ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि एल&टी फायनान्स लिमिटेड (पूर्व में एल&टी फायनान्स होल्डिंग्स लिमिटेड के नाम से ज्ञात), जिसका पंजीकृत कार्यालय बृंदावन, प्लॉट सं. 177, सी.एस.टी. रोड, कलीना, सांताक्रूज़ (पूर्व), मुंबई, महाराष्ट्र, भारत, 400098 में स्थित है, द्वारा अपने शाखा कार्यालय **एल&टी फायनान्स लिमिटेड, सी–44, दूसरी मंज़िल, (पिछला भाग), 5वाँ एवेन्यू, पीडब्ल्यूडी रोड, जोधपुर 342001 पर दिनांक 31–12–2026** से अपना परिचालन बंद कर दिया जाएगा। उक्त बंद करने संबंधी कदम व्यवसायिक आवश्यकताओं के कारण उठाया गया है तथा उक्त शाखा के सभी परिचालन **एल&टी फायनान्स लिमिटेड, पहली मंज़िल, प्लॉट नं. 121, एलआईजीएच स्कीम नं. 1, चौपासनी रोड, अकलिया चौराहा, जोधपुर, राजस्थान – 342008** में स्थानांतरित कर दिए जाएँगे।

यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त शाखा(ओं) को बंद करने की प्रक्रिया के दौरान ग्राहकों को कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एल&टी फायनान्स लिमिटेड द्वारा उचित सावधानी बरती जा रही है। सभी ग्राहकों के खाते उपरोक्त अंतरिती शाखा में अंतरित कर दिए जाएँगे और ऐसे सभी ग्राहकों को प्रभावी तिथि से उसी शाखा से सेवाएँ प्रदान की जाएँगी। ग्राहकों से अनुरोध है कि वे उपर्युक्त परिवर्तन पर ध्यान दें। किसी अन्य स्पष्टीकरण और/या किसी कठिनाई की स्थिति में ग्राहक 7878476711 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक : 01.10.2026
स्थान : जोधपुर

अधोहस्ताक्षरकर्ता/–
प्राधिकृत अधिकारी
एल&टी फायनान्स लिमिटेड हेतु

स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एम.जी.एच. रोड, जोधपुर से मुद्रित व प्लॉट नं. 104, भगत की कोठी, न्यू पाली रोड, जयश्री स्कूल के पास, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक–युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई–मेलः yuvrajsinghh@gmail.com